| VENUS WORLD SCHOOLS<br>Academic Session-2021-22<br>SA-1 |
|---|

| | |
|---|---|
| Grade -VIII<br>Sub – Hindi | Time – 2 hrs<br>Max Marks- 50 |

१ सभी प्रश्न आवश्यक है ।  २. सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए ।

## खंड – क

**प्र.१ला. अ ) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढकर उसपर आधारित प्रश्नों के उत्तर दे    अंक – ५**

सांप्रदायिक सद् भाव और सौदाई बनाए रखने के लिए हमें यह हमेशा याद रखना चाहिए कि प्रेम से प्रेम और विश्वास उत्पन्न होता है और यह भी नहीं भूलना चाहिए कि घृणा से घृणा का जन्म होता है, जो दावाग्नि की तरह सबको जलाने का काम करती है । महात्मा गांधी घृणा को प्रेम से जीतने में विश्वास करते थे । उन्होने सर्व – धर्म – समभाव द्वारा सांप्रदायिक घृणा को मिटाने का आजीवन प्रयत्न किया । हिंदू और मुसलमान दोनों की धार्मिक भावनाओं को समान आदर की दृष्टी से देखा । सभी धर्म आत्मा की शांति के लिए भिन्न – भिन्न उपाय और साधन बताते है । धर्मों में छोटे – बडे का कोई भेद नहीं हैं । सभी धर्म सत्य , प्रेम , समता , सदाचार और नैतिकता पर बल देते हैं । इसलिए धर्म के मूल में पार्थक्य या भेद नहीं हैं ।

१. इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए ।

२. गांधीजी ने सांप्रदायिक सदभावना हेतु क्या किया ?

३. सांप्रदायिक सदभावना की हमारे जीवन में क्या आवश्यकता है ?

४. सभी धर्मों की समान विशेषता क्या हैं ।

५. महात्मा गांधी के अनुसार आपसी घृणा को कैसे समाप्त करना चाहिए ?

**ब ) निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढकर उसपर आधारित प्रश्नों के उत्तर दे    अंक – ५**

मत काटो ये पेड  
सचमुच तुम बहुत पछताओगे

शाम्य – श्यामला को  
सींचने वाला जल ?

बोलो फिर किसकी गोंद में
सिर छिपाओगे ?
शीतल छाया
फिर कहाँ से पाओगे ?
कहाँ से पाओगे फिर फल ?
कहाँ से मिलेगा

रेगिस्तानों में
तब्दीलहो जाएँगे खेत
बरसेंगे कहाँ से
उमड – घुमडकर बादल ?
थके हुए मुसाफिर
पाएँगे कहाँ से
श्रमहारी छाया ?

१. कवि ने छाया को श्रमहारी क्यों कहा हैं ? २. पेड न रहने पर खेतों का क्या होगा ?

३.पेडों को काटकर मनुष्य को क्यों पछताना पडेगा ? ४. ' तब्दील ' का अर्थ क्या होगा ?

५. पेडों के न रहने का परिणाम क्या होगा ?

**क ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए ।** **अंक – ५**

१. चिडिया चोंच में तिनका का दबाए उडने की तैयारी में क्यो है ?

२. कहानी का कौन – सा हिस्सा बाकी रहता है ?

३. मनुष्य को अपना आचरण शुद्ध क्यो रखना चाहिए ?

४. भगवान के डाकिए कौन है ?

५. प्राचीन भारत का पहिला इतिहास ग्रंथ किसने लिखा था ?

**प्र.२रा. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो – तीन वाक्य में लिखिए | ( किन्ही -३ )** **अंक – ६**

१. रामायण एवं महाभारत दोनों महाकाव्यों का क्या महत्व है ?

२. ' वेद ' शब्द का अर्थ बताकर उनकी प्रमुख विशेषताएँ भी बताइए ?

३. पत्र जैसा संतोष फोन या एसएमएस का सानेश क्यों नही दे सकता ?

४. कवि ने अपने आने को ' उल्लास ' और जाने को ' आँसू बनकर बह जाना ' क्यों कहा है ?

**ब ) वाक्यांशो का अर्थ स्पष्ट किजिए |** **अंक – ५**

१. '' एक देश की धरती दूसरे देश को सुगंध भेजती हैं ''

२. ' मनुवाँ तो दहुँ दिसि फिरै , यह तो सुमिरन नाहि '

**क ) निम्नलिखित शब्दों का अर्थ लिखिए – अंक – ४**

१.धर्मभीरु - २ . गंतव्य - ३. पगा - ४. महावत -

## <u>खंड – ख</u>

**प्र.३ रा अ ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए अंक - ३**

१. पुरुषवाचक सर्वनाम कितने प्रकार के होते है ? उनके नाम लिखें -

२. जिन शब्दो का प्रयोग हमेशा पुल्लिंग में होता है , वे क्या कहलाते है ?

३. प्रत्यय के दो प्रकार स्पष्ट किजिए ?

**ब ) दिए गए प्रत्ययों से बननेवाले दो – दो उदाहरण लिखें अंक – ५**

१. पन २. ईन ३. आवट ४. दार ५. अक

**क ) इन शब्दों के बहुवचन रूप लिखें - अंक – ४**

१. मामा २ . माता ३. नदी ४. दवाई

**प्र.क्र.४ था अ ) दिए गए किसी एक विषय पर अनुच्छेद लेखन लिखिए - अंक – ४**

१. मोबाईल फोन का बढता स्वरूप २. साधा जीवन: उच्च विचार

**ब ) किसी एक विषय पर पत्रलेखन लिखिए – अंक – ४**

**आपको प्रधानाचार्य के हाथों पुरस्कार प्राप्त हुआ । अपने बडे भाई को इस विषय में जानकारी देते हुए पत्र लिखें |**

**अथवा**

**पुस्तक विक्रेता को पुस्तकें मँगवाने के लिए पत्र लिखे –**